भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 859**
उत्तर देने की तारीख 04 फरवरी, 2026 (बुधवार)
15 माघ, 1947 (शक)

**प्रश्न**

**पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा अवसंरचना**

**†859. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदेः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा अवसंरचना के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास योजनाओं के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत निर्मित या उन्नत की गई स्वास्थ्य सुविधाओं और शैक्षणिक संस्थानों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का आकलन करने हेतु परिणाम-आधारित मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 के दौरान (दिनांक 31.12.2025 तक) अपनी स्कीमों के तहत, उत्तर पूर्वी राज्यों में शिक्षा क्षेत्र की 49 और स्वास्थ्य क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत 3601.06 करोड़ रुपये है, जिसकी तुलना में दिनांक 31.12.2025 तक 1635.39 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और 995.37 करोड़ रुपये इस्तेमाल किए गए हैं। इन परियोजनाओं का राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | राज्य | शिक्षा परियोजनाएं (संख्या) | स्वास्थ्य परियोजनाएं (संख्या) | कुल स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में) | जारी की गई कुल राशि (करोड़ रुपये में) | इस्तेमाल की गई कुल राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 3 | 240.66 | 118.82 | 76.25 |
| 2 | असम | 7 | 2 | 1532.77 | 688.82 | 385.90 |
| 3 | मणिपुर | 8 | 2 | 448.70 | 148.41 | 81.55 |
| 4 | मेघालय | 6 | 1 | 44.31 | 23.86 | 9.33 |
| 5 | मिजोरम | - | 5 | 81.68 | 27.02 | 12.28 |
| 6 | नागालैंड | 4 | 3 | 175.80 | 71.66 | 48.54 |
| 7 | सिक्किम | 2 | 2 | 323.89 | 279.71 | 276.27 |
| 8 | त्रिपुरा | 3 | 5 | 501.32 | 125.57 | 45.57 |
| 9 | अन्य एजेंसियाँ | 18 | 3 | 251.93 | 151.53 | 59.69 |
| **कुल** | | **49** | **26** | **3601.06** | **1635.39** | **995.37** |

(ग) भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) शिलांग द्वारा स्कीमों के स्वतंत्र मूल्यांकन में स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों के महत्व का उल्लेख किया गया है।

*****